NEWS18 हिंदी

# डाबर कंपनी का स्टीकर लगाकर बनाया जा रहा था नकली गुलाब जल, मालिक गिरफ्तार

Madhubani | BIHAR | News in Hindi

**मामला खुटौना थाना इलाका स्थित शास्त्री चौक का है, जहां छापेमारी के बाद डाबर कंपनी के नाम पर नकली गुलाब जल बनाने वाली कंपनी का पर्दाफाश किया गया है.**

**LAST UPDATED:** AUGUST 17, 2019, 5:56 AM IST



डाबर के नाम पर नकली गुलाब जल बनाने वाली कंपनी का पर्दाफाश

बिहार के मधुबनी जिले में एक बड़ी खबर सामने आई है, जहां पुलिस ने डाबर कंपनी के नाम पर नकली गुलाब जल बनाने वाली फैक्ट्री का पर्दाफाश किया है. इस घटना से आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई है. कहा जा रहा है कि आरोपी सालों से नकली गुलाब जल का कारोबार कर रहा था. मामले का खुलासा होने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है.

**मामला खुटौना थाना इलाका स्थित शास्त्री चौक का है**

जानकारी के मुताबिक, मामला खुटौना थाना इलाका स्थित शास्त्री चौक का है, जहां कमलेश साह नामक शख्स के घर पर छापेमारी के बाद नकली गुलाब जल बनाने और नकली डाबर कंपनी का पर्दाफाश किया गया है. पुलिस ने डाबर कंपनी के स्टीकर लगाकर गुलाब जल बेचने वाले मालिक को गिरफ्तार कर लिया है. मिली जानकारी के मुताबिक, डाबर कंपनी को इस अवैध कारोबार के बारे में गुप्त सूचना मिली थी. इसके बाद कंपनी के दिल्ली स्थित ऑफिस से आई जांच टीम ने खुटौना पुलिस के सहयोग से छापामार के बाद कार्रवाई करते हुए मामले का खुलासा किया.

**भारी मात्रा में नकली गुलाब जल की सीसी और डाबर कंपनी के नकली स्टीकर बरामद हुए**

स्थानीय थाना पुलिस के अनुसार, आरोपी कमलेश साह के घर से नकली गुलाब जल बनाने वाली मशीन के साथ ही भारी मात्रा में नकली गुलाब जल की सीसी और डाबर कंपनी का **नकली स्टीकर** बरामद हुआ है. बताया जा रहा है कि आरोपी सालों से नकली गुलाब जल का कारोबार कर रहा था. मामले का खुलासा होने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है.

**रिपोर्ट- अमित रंजन**

**Source:** https://hindi.news18.com/news/bihar/madhubani-fake-rose-water-was-being-made-by-putting-sticker-of-dabur-company-owner-arrested-nodbk-2331616.html